# पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

दिसंबर, 2022 मास की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:-

1. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 पर एक पुस्तक प्रकाशित की है और जिसका सुशासन दिवस, 2022 के दौरान विमोचन किया गया।

2. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने अक्टूबर, 2022 में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा आयोजित विशेष अभियान- 2.0 के दौरान विभाग द्वारा अक्टूबर, 2022 में जारी किए गए साठ परिपत्रों का संग्रह प्रकाशित किया था। इस पुस्तक का भी सुशासन दिवस, 2022 के दौरान विमोचन किया गया।

3. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान पर एक पुस्तिका प्रकाशित की है और इस पुस्तक का सुशासन दिवस, 2022 के दौरान विमोचन किया गया।

4. दिनांक 5 दिसंबर, 2022 को सचिव (पेंशन & पीडब्ल्यू) की अध्यक्षता में पंजीकृत पेंशनभोगी संघों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य नए विकसित एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल पर एक प्रस्तुति देना और सीजीएचएस के अंतर्गत सेवाओं का लाभ उठाने के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समक्ष आने वाले कठिनाइयों के संबंध में पेंशनभोगी संघों के साथ बातचीत करना था।

5. दिनांक 15 दिसंबर, 2022 को सचिव (पेंशन & पीडब्ल्यू) की अध्यक्षता में पेंशनभोगी संघों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से एक बैठक हुई। इस वीसी का उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को पेंशनभोगी कल्याण संघों के साथ जोड़ना और 120वीं पीएससी रिपोर्ट की सिफारिशों पर कार्य करना था।

6. दिनांक 30.12.2022 को सीईओ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण सहित विशेष सचिव स्वास्थ्य के साथ सीजीएचएस की सुविधाओं के संदर्भ में पेंशनभोगियों के सुविधापूर्ण जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। यह इसी मुद्दे पर मंत्रीमंडल सचिवालय में बुलाई गई बैठक की अनुवर्ती बैठक थी।

**सीपेनग्राम्स**

7. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने भविष्य पोर्टल पर पीपीओ जारी करने में होने वाले विलंब, पेंशन शिकायतों के निपटान में विलंब और सीपेनग्राम्स पोर्टल में लंबित अपीलों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 13.12.2022 को सचिव (पेंशन & पीडब्ल्यू) की अध्यक्षता में 20 मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के साथ भारत वीसी के माध्यम से अंतर-मंत्रालयी समीक्षा बैठक आयोजित की।

8. सीपेनग्राम्स में पंजीकृत शिकायतों का सामयिक और गुणात्मक निपटान सुनिश्चित करने के लिए, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दिनांक 16.12.2022 को निदेशक (आरके) की अध्यक्षता में 02 मंत्रालयों/विभागों/संगठन (अर्थात् रक्षा विभाग और भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग) के साथ भारत वीसी के माध्यम से अंतर-मंत्रालयी समीक्षा बैठक आयोजित की।

9. इस माह के दौरान, 4827 शिकायतें दर्ज की गई और 4284 का निपटान किया गया। दिनांक 31 दिसंबर, 2022 को अंत शेष 3160 है। विस्तृत स्थिति निम्नानुसार है:-

| | दिनांक 01/12/2022 को अग्रानीत | माह के दौरान प्राप्त शिकायतें | माह के दौरान निपटाई गई शिकायतें | एक माह के अंदर निपटाई गई शिकायतें | दिनांक 31/12/2022 को लंबित कुल शिकायतें |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल | 3157 | 4287 | 4284 | 2022 | 3160 |

**भविष्य पोर्टल**

10. अपर सचिव (पेंशन) की अध्यक्षता में दिनांक 9 दिसंबर, 2022 को बीएसएफ एसएचक्यू, अमृतसर में बीएसएफ के अधिकारियों के लिए 'भविष्य' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा इसके 100 से अधिक अधिकारी लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त, मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों के लिए भविष्य पर पांच (5) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

11. भविष्य, विभाग द्वारा विकसित एक वेब आधारित ऑनलाइन पेंशन संस्वीकृति और भुगतान ट्रैकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी और प्रशासनिक प्राधिकारियों दोनों को पेंशन प्रक्रिया की निगरानी करने और विलंब को ट्रैक करने में मदद करती है। प्रशासनिक प्राधिकारियों को विभिन्न पेंशन नियमों के उपबंधों के अनुसार इनबिल्ट ऑटोमेटिक परिकलन से भी लाभ होता है। दिनांक 02.01.2023 की स्थिति के अनुसार, 97 मंत्रालयों/विभागों/शीर्ष निकायों के मुख्य सचिवालय और 818 संबद्ध कार्यालयों में 7933 डीडीओ के माध्यम से भविष्य लागू है। उमंग प्लेटफॉर्म पर एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया है जिसके द्वारा विभिन्न हितधारकों द्वारा 'भविष्य' पर की जा रही कार्रवाई देखी जा सकती है। दिनांक 02.01.2023 की स्थिति के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से 37890 सेवानिवृत्त होने वाले/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी मामले कार्रवाई के विभिन्न चरणों में है। इसके अतिरिक्त, इस ऐप द्वारा अब तक 183078 पेंशनभोगियों के लिए पीपीओ तैयार किए गए और उन्हें जारी किया गया। 'भविष्य' प्रणाली के माध्यम से दिसंबर, 2022 मास में 3276 पीपीओ जारी किए गए। 'भविष्य' को ई-पीपीओ जनरेट करने के लिए पीएफएमएस (PFMS) पेंशन मॉड्यूल के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है।

**अनुभव**

12. अनुभव: मार्च, 2015 में योजना के आरंभ होने के बाद से, 8898 आलेख प्रकाशित किए गए हैं और दिनांक 31.12.2022 तक 'अनुभव पोर्टल' के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा 4680 आलेख प्रकाशन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। दिसंबर, 2022 मास में, अनुभव के 142 आलेख प्रकाशित किए गए।

13. इस विभाग ने 22 नवंबर 2022 से एक राष्ट्रव्यापी वेबिनार श्रृंखला "अनुभव पुरस्कार विजेता के विचार" का शुभारंभ किया है। इस वेबिनार श्रृंखला का उद्देश्य संबद्ध हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के साथ अनुभव साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। वेबिनार श्रृंखला में अपने अनुभव साझा करने और अनुभव पोर्टल पर अपने स्वयं के अनुभवों को डालने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रेरित करने/जागरूकता लाने के लिए दो अनुभव पुरस्कार विजेताओं को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाता है। वेबिनार को मासिक आधार पर आयोजित किया जाएगा। श्रृंखला का दूसरा वेबिनार दिनांक 22.12.2022 को आयोजित किया गया था। डॉ. टी सेकर भूतपूर्व पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल [अनुभव पुरस्कार विजेता, 2021] और सुश्री नागलक्ष्मी एन, आईपी&टीएएफएस. एसीएओ, डाक विभाग [अनुभव पुरस्कार विजेता, 2021] ने अपने अनुभव साझा किए। वेबिनार में मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में अनुभव पोर्टल से जुड़े अधिकारियों और अगले 3 मास में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने भाग लिया। वेबिनार के दौरान लगभग 1020 प्रतिभागी उपस्थित थे।

**संकल्प**

संकल्प: 'संकल्प' पहल के अंतर्गत विभाग ने अब तक 48 पूर्व-सेवानिवृत्ति परामर्श (पीआरसी) कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिनसे 6572 कर्मचारी लाभांवित हुए।

**जेम (GeM) के माध्यम से खरीद**

जेम (GeM) के माध्यम से खरीद:- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दिसंबर, 2022 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, फर्नीचर और स्टेशनरी आदि (उत्पादों के लिए आदेश) की आपूर्ति के लिए 1,93,808/- रुपये की राशि के लिए 8 (आठ) आदेश और सेवाओं (अल्प अवधि के लिए वाहनों को किराए पर लेना और विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा) के लिए 43,810/- रुपये की राशि के लिए 02 (दो) आदेश जेम के माध्यम से दिए हैं।

*****